कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा

आदेश सं0 01 / दिनांक : जनवरी 06 , 2025

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–15197/XC-4/Admin.(E-I)/ 2025/Allahabad : Dated 14.11.2024 द्वारा प्रेषित वर्ष 2025 के कैलेण्डर के प्रस्तर संख्या–3 व 7 के परिप्रेक्ष्य में प्रभारी अधिकारी, प्रशासन जजशिप इटावा की आख्या एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा व सिविल बार एसोसिएशन इटावा द्वारा संयुक्त प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हुये, जिलाधिकारी इटावा से विचार विमर्श के उपरान्त, वर्ष 2025 में जनपद न्यायालय इटावा में विभिन्न पर्वों पर स्थानीय अवकाश एवं रविवार को पड़ने वाले अवकाशों (पर्वों) के एवज में निम्नलिखित तिथियों (पर्वों) पर अवकाश घोषित किया जाता है। इन तिथियों पर जनपद न्यायालय इटावा के सभी न्यायालय एवं कार्यालय व जनपद के ग्राम न्यायालय (सैंफई व चकरनगर) बन्द रहेंगे।

अवकाश का दिनांक व दिन	पर्वों का नाम
1– 14.01.2025 (मंगलवार)	स्थानीय अवकाश (मकर संक्रान्ति / हजरत अली का जन्म दिवस)
2– 15.03.2025 (शनिवार)	स्थानीय अवकाश (होली दौज)
3– 05.04.2025 (शनिवार)	स्थानीय अवकाश (दुर्गा अष्टमी)
4– 05.09.2025 (शुक्रवार)	ईद–ए–मिलाद / बारावफात का अतिरिक्त अवकाश (गणतन्त्र दिवस दिनांक 26.01.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
5– 01.10.2025 (बुधवार)	स्थानीय अवकाश (महानवमी)
6– 22.10.2025 (बुधवार)	स्थानीय अवकाश (गोवर्धन पूजा)
7– 23.10.2025 (गुरूवार)	भाई–दौज (दीपावली) का अतिरिक्त अवकाश (राम नवमी अवकाश दिनांक 06.04.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)
8– 05.11.2025 (बुधवार)	कार्तिक पूर्णिमा / गुरूनानक जयन्ती का अतिरिक्त अवकाश (मोहर्रम अवकाश दिनांक 06.07.2025, दिन रविवार को पड़ने के एवज में)

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 के टिप्पणी सं0 1 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित (*) तिथियां स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित की जा सकती हैं।

कैलेण्डर वर्ष 2025 के अनुपालन में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में निर्धारित तारांकित (*) अवकाश ईद–उल–फित्र (दिनांक 31.03.2025, सोमवार), ईद–उल–जुहा (दिनांक 07.06.2025, शनिवार) तथा ईद–ए–मीलाद / बारावफात (दिनांक 05.09.2025, शुक्रवार) स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार यदि रविवार अथवा द्वितीय शनिवार को मनाया जाता है तो इसके एवज में तत्समय अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जायेगा।

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 के टिप्पणी सं0 4 के अनुक्रम में दिनांक 28.03.2025, शुक्रवार को रमजान के अन्तिम शुक्रवार के उपलक्ष्य में केवल मुस्लिमों के लिये निर्बन्धित अवकाश रहेगा।

अधीनस्थ न्यायालयों के प्रयोग हेतु जारी कैलेण्डर वर्ष 2025 के टिप्पणी सं0 5 के अनुक्रम में दिनांक 18.04.2025, शुक्रवार को गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में केवल ईसाइयों के लिये निर्बन्धित अवकाश रहेगा।

आदेश की सूचना माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित की जाये। सर्व सम्बन्धित सूचित हों।

06/1/25

(चवन प्रकाश)
जनपद न्यायाधीश,
इटावा

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय इटावा।
2. पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, इटावा।
3. जिलाधिकारी, इटावा।
4. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा।
5. अधीक्षक, जिला कारागार, इटावा
6. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को दैनिक समाचार पत्रों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. अध्यक्ष / महामंत्री, जिला बार संघ, इटावा।
8. अध्यक्ष / महामंत्री, सिविल बार संघ, इटावा।
9. जिला शासकीय अधिवक्ता (दण्ड)
10. जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल)
11. केन्द्रीय नाजिर, जजी इटावा।
12. सिस्टम आफीसर को जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
13. समस्त न्यायालय एवं कार्यालय।

06/1/25
जनपद न्यायाधीश